बिहार सरकार,
शिक्षा विभाग

कार्यालय आदेश

पटना, दिनांक- 22.10.2026

आ0सं0– 04/नि–08–01/2019(320480)Part-1-2123/ निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–बी 1–3–108 (TC & GC)/2026-5275 दिनांक 23.09.2026 में निहित अनुरोध के आलोक में बिहार विधान परिषद् के स्नातक निर्वाचन (पटना शिक्षक तिरहुत शिक्षक, दरभंगा शिक्षक एवं सारण शिक्षक) तथा (पटना शिक्षक, तिरहुत शिक्षक, दरभंगा शिक्षक एवं सारण शिक्षक) क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है।

2. भारत निर्वाचन के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को मतदान करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाना है।

3. अतः निदेशानुसार बिहार विधान परिषद् के स्नातक निर्वाचन (पटना स्नातक, तिरहुत स्नातक, दरभंगा स्नातक एवं कोशी स्नातक) तथा शिक्षक निर्वाचन (पटना शिक्षक तिरहुत शिक्षक, दरभंगा शिक्षक एवं सारण शिक्षक) क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचकों के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया जाता है।

उक्त विशेष आकस्मिक अवकाश संबंधित स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकों के लिए ही रहेगा।

22.10.26.

(विजय कुमार पाण्डेय),
निदेशक (प्रशासन)।

ज्ञापांक :– 04/नि–08–01/2019 Part-1-2123 पटना, दिनांक- 22.10.2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के आशुलिपिक/सभी निदेशक, शिक्षा विभाग/संयुक्त सचिव, शिक्षा विभाग/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग/मुख्यालय अवस्थित सभी पदाधिकारियों/कर्मियों एवं आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22.10.26.

निदेशक (प्रशासन)।